हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री


10 खनन क्षेत्र में उत्पादन के साथ सुरक्षा जरूरी





04 प्राथमिक स्कूल हरदी में मनाया गया पढ़ाई तिहार







छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि

24/04/2026 (संध्या 5 बजे तक)

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065

9340311314, 9303893829


# रायपुर से सारंगढ़ तक बनेगा नेशनल हाईवे 130 बी, 155 एकड़ भूमि का अधिग्रहण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

रायपुर से बलौदाबाजार होते हुए भटगांव-सरसीवां-सारंगढ़ तक की नेशनल हाईवे 130 बी मार्ग जो फोर लेन बनाये जानो प्रस्तावित है, इसकी दूरी 186 किमी होगी। इसकी अधिसूचना बीते दिनों जारी हो गई है। अधिसूचना के बाद भूमि अधिग्रहण के कार्य में तेजी आएगी। वहीं फोरलेन सड़क के जद में आने वाली भूमि के अधिग्रहण के लिये बिलाईगढ़, सारंगढ़ अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सक्षम अधिकारी बनाया गया है। इस आशय की अधिसूचना भारत सरकार द्वारा 24 मार्च के राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है, जिससे आने वाले माह में फोरलेन मार्ग बनना प्रारंभ हो जाएगा।

प्राप्त जानकारी अनुसार अधिसूचना के बाद बलौदाबाजार और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के 113 गांव की भूमि नेशनल हाईवे में आ रही है। इससे भूमि अधिग्रहण के कार्य में तेजी आएगी। नेशनल हाईवे प्राधिकरण के मुताबिक अभी सड़क के बीच से 100-100 मीटर चौड़ी भूमि को अधिग्रहण करने प्रस्तावित है। डीपीआर मंजूरी के बाद 113 गांवों की भूमि चौड़ीकरण के लिये भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रारंभ होगा। फोरलेन सड़क के लिए 155 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। वर्तमान में 120 हेक्टेयर भूमि नेशनल हाईवे प्राधिकरण के पास उपलब्ध है।

## रायपुर से बलौदाबाजार, भटगांव-सरसीवां-सारंगढ़ तक 113 गांवों से निकलेगा मार्ग



### सड़क किनारे 100 मीटर क्षेत्र में खरीदी-बिक्री पर रोक

ऐसे में शेष भूमि 35 हेक्टेयर यानि लगभग 86 एकड़ भूमि का अधिग्रहण 113 गांवों से किया जाना है। शासन ने पूर्व में सड़क के बीच से दोनों छोर में 100-100 मीटर की चौड़ाई की भूमि पर खरीदी-बिक्री आदि पर प्रतिबंध लगा दिया है। नेशनल हाईवे की सूची में टुंडरी, छीररा, बरभाठा, पवनी, बिसनपुर, ढुमहानी, बेल्टुकरी, चुरेला, धाराशिव, जमगहन, भटगांव, रोहिना, गिरसा, धोबनीडीह, गोपालपुर, सेमरिया, खम्हरिया, भिनोदा, भिनोदी, पिपरढुला, सरसीवां, कोदवा, तिलाईपली, पीकरीपाली, परसदा बड़े, छिन्द, अचानकपाली, कुधरी, ढुर्गापाली, चंदाई, खम्हारडीह, कुटीला, भोजपुर, पचपेड़ी होते हुए हरदी निकलेगी। हरदी चारों तरफ से मार्ग को जोड़ने वाला जंक्शन होगा।

## खबर संक्षेप

### सोनाखान में विकास के लिए बजट में 20 करोड़ का प्रावधान

**पलारी।** छत्तीसगढ़ के गौरव प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के कर्म भूमि सोनाखान के ऐतिहासिक पहचान के लिए 20 करोड़ का बजट में प्रावधान करने पर सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार ने हर्ष व्याप्त है। इसके लिए सामाजिकजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार के प्रतिनिधि मंडल आभार प्रकट किया है, जिसमें सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी जिला संरक्षक प्रताप सिंह नाग, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, जिला कोषाध्यक्ष अभय लाल ध्रुव, जिला सहसचिव दशरथ ध्रुव, सचिव थानू ध्रुव, जिला सांस्कृतिक सचिव केशव कुंजाम, जिला महिला प्रभाग अध्यक्ष अंजू नेताम,जिला सचिव राधा ध्रुव, जिला युवा अध्यक्ष संतोष ध्रुव, सहसचिव मुन्ना लाल ध्रुव, युवा प्रभाग जिला उपाध्यक्ष रवि ध्रुव, ब्लॉक संरक्षक कृष्ण कुमार ध्रुव, समाज सेवी दया राम ध्रुव, कैलाश ध्रुव, बंशीलाल जगत, रामकुमार जगत, नोखराम जगत, रत्न मण्डावी, त्रिलोचन ध्रुव, गबेश्वर ध्रुव, पार्वती मंडावी, सुनीता ध्रुव, लक्ष्मी ध्रुव,विमल छेदइया, नेमीचंद ध्रुव, द्वारिका ध्रुव आदि शामिल हैं।



### आज मनाई जायेगी आंबेडकर जयंती

**सेल।** ग्राम सर्वा में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव राव अंबेडकर जयंती मनायी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी मंडल कटगी के सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, कृषि साख समितियों के अध्यक्ष, शाला विकास समितियों के अध्यक्ष, शक्तिकेंद्र प्रभारी, संजोयक सहसंयोजक, समस्त बूथ अध्यक्ष एवं समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ट कार्यकर्त्ता बंधुओं एवं मातृशक्ति को कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम सुबह 9 बजे अम्बेडकर चौक सर्वा में होगा। इसमें अंजीव जायसवाल अध्यक्ष भाजपा मंडल कटगी, संतराम वर्मा,ईश्वर प्रसाद पटेल महामंत्री मंडल कटगी शामिल होंगे।



### आपदा पीड़ित परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 16 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजनों में शिवकुमारी केंवट पति स्व. गणेशराम केंवट, निवासी ग्राम सुनसुनिया तहसील लवन, शिवमति पटेल पति स्व. आकाश पटेल, निवासी ग्राम करदा, तहसील लवन, पंचवती साहू पति स्व. सुरेश ▶▶ शेष पेज 02 पर

## आरोपी को कांग्रेस ने युकां ब्लाक अध्यक्ष के पद से हटाया

# कोटमी में फैलाया दहशत, मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के कटगी में बीते दिनों हुए बवाल, दहशतगर्दी और मारपीट के मामले में पुलिस ने फरार मुख्य इनामी आरोपी एवं युवा कांग्रेस नेता भागवत थवाइत को उसके साथियों सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने भागवत थवाइत पर 10 हजार का इनाम घोषित किया था। गिरफ्तारी के बाद गांव में आरोपियों का जुलूस भी निकाला गया, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्ती का संदेश दिया गया।

घटना के बाद प्रदेश युवा कांग्रेस ने भी सख्त रुख अपनाते हुए गंभीर आपराधिक प्रकरण में संलिप्तता के चलते भागवत थवाइत को कसडोल ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष के पद से हटा दिया है।

## कार्रवाई न होने से बढ़ा आक्रोश, महिला कमांडो टीम से आरोपी पिता-पुत्र की झड़प

### गांव में दहशत

ग्रामीणों ने इस संबंध में जनदर्शन कार्यक्रम में भी शिकायत की, परंतु कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले बुलंद होते गए। इसी बीच शिकायतों से नाराज भागवत थवाइत ने अपने साथियों के साथ गांव में रैली निकालते हुए गाली-गलौज और धमकी देकर दहशत का माहौल बना दिया। इस दौरान एक ग्रामीण के साथ मारपीट की घटना भी सामने आई।



### मुख्य आरोपी समेत 9 लोग गिरफ्तार

बताया जाता है कि आक्रोशित ग्रामीण देर रात लगभग 3 बजे तक कसडोल थाने में डटे रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी भागवत थवाइत, उसके पिता संतोष थवाइत सहित कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की विधि सम्मत कार्रवाई जारी है।

### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

घटना से आक्रोशित ग्रामीण बड़ी संख्या में ढाबे पहुंचे और आरोपी संतोष थवाइत की पिटाई कर दी, जबकि भागवत अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। स्थिति बिगड़ने पर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही कसडोल पुलिस एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर हालात को नियंत्रित किया।

### अवैध शराब बिक्री पकड़ने पर बढ़ा विवाद

जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत कुछ दिनों पहले उस समय हुई, जब कटगी गांव में भागवत थवाइत और उसके पिता संतोष थवाइत को उनके ढाबे में अवैध रूप से शराब बेचते हुए गांव की महिला कमांडो टीम ने पकड़ा था। महिला टीम द्वारा रोकने पर पिता-पुत्र ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की धमकी दी। इसके बाद मामले की शिकायत कसडोल थाने में दर्ज कराई गई, लेकिन तत्काल कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता गया।

# शहर में दूसरे मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ का उद्‌घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में यातायात व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए रखने पुलिस द्वारा लगातार कार्य किया जा रहे हैं। इसी क्रम में एक मजबूत एवं सर्व सुविधा युक्त मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ की सौगात यातायात पुलिस प्रदान की गई। 13 अप्रैल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार द्वारा इसका उद्‌घाटन किया गया। वर्तमान में जिले के बलौदाबाजार, भाटापारा एवं सिमगा में मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ लगाया गया है। यह जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में दूसरा ट्रैफिक बूथ है। इस अवसर पर एसडीओपी बलौदाबाजार अपूर्वा सिंह, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी लखेश केंवट, यातायात प्रभारी प्रियेश जान सहित यातायात पुलिस स्टाफ मौजूद थे।

- बलौदाबाजार भाटापारा एवं सिमगा में पूर्व से लगाया गया है मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ

### दो पुलिसकर्मी मिलकर संभालेंगे ट्रैफिक व्यवस्थ

इस ट्रैफिक बूथ में ड्यूटी करने वाले यातायात पुलिस अधिकारी कर्मचारी की सुविधा हेतु फैन एवं यातायात व्यवस्था को निर्देशित करने हेतु पीए सिस्टम लगाया गया है। साथ ही इस बूथ में लगे जनरेटर के माध्यम रात्रि में भी बूथ में प्रकाश की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। संपूर्ण बूथ का निर्माण मजबूत संरचना के माध्यम से किया गया है। इस मॉडर्न ट्रैफिक बूथ के अंदर दो पुलिसकर्मी एक साथ उपस्थित रहकर व्यस्त चौक-चौराहों में भी यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादित कर सकेंगे।

# गोगिया में मारपीट के दो आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम गोगिया में घर अंदर घुसकर लाठी डंडे के साथ मारपीट करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अवैध कब्जा हटाए जाने की बात को लेकर आरोपियों द्वारा एक राय होकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया।

प्रार्थी मांगेलाल गेंडरे निवासी ग्राम गोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 5 अप्रैल को आरोपी 55 वर्षीय रामखिलावन गेंडरे एवं 28 वर्षीय रजनीकांत गेंडरे द्वारा प्रार्थी के घर घुसकर बेजा कब्ब्ज हटाए जाने की बात को लेकर प्रार्थी के पिता के साथ लाठी डंडे से मारपीट किया तथा उन्हें गंभीर चोट पहुंचाया।



रिपोर्ट पर धारा 296,115(2), 333, 351(2), 3(5) बीएनस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ग्रामीण पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ की गई। घटना कारित करने के पश्चात दोनों आरोपी फरार हो गए थे, जिनका पता तलाश करते हुए पुलिस टीम ने आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की, जिसमें आरोपियों द्वारा ग्राम में उनके द्वारा किए गए ▶▶ शेष पेज 02 पर

# नौकरी दिलाने के नाम पर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/ सेल

शासकीय नौकरी लगाने का झांसा देते हुए युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में वाहन चालक के पद पर पदस्थ ग्राम भिनोदा निवासी 36 वर्षीय सुरेंद्र टंडन द्वारा शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। रिपोर्ट पर धारा 64(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना कसडोल पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र टंडन को हिरासत में लिया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा युवती का शासकीय विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर उसके साथ दुष्कर्म की घटना करना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।



# सतनामी समाज के 51 जोड़े 16 अप्रैल को थामेंगे एक दूजे का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड के ग्राम कैलाशगढ़ में मानव सतनाम सेवा समिति एवं महिला बाल विकास विभाग पलारी के संयुक्त तत्वावधान में 16 अप्रैल को सतनामी समाज के 51 जोड़े आदर्श विवाह कार्यक्रम परिणय सूत्र में बंधेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब होंगे। अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि संदीप साहू विधायक कसडोल एवं विशिष्ट अतिथियों में विधायक दिलीप लहरिया विधायक मस्तुरी, कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, डॉ. सनम जांगडे प्रदेश अध्यक्ष अजा मोर्चा, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले, श्याम टंडन प्रदेश अध्यक्ष बसपा छत्तीसगढ़ ,जय बहादुर बंजारे प्रदेश अध्यक्ष सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति, सत्यलता आनंद मिरी अध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर, सुमित्रा घृतलहरे अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, मोहन बंजारे प्रदेश महासचिव प्रगतिशील दिनेश बंजारे की प्रदेश सह सचिव प्रगतिशील सतनामी समाज, रवि बंजारे जिप सदस्य, शैलेंद्र बंजारे जिप सदस्य, अंजलि विमल साहू जिप सदस्य, सविता भीम यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी, चरणदास तेहरवंश जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा, सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, कालिंद्री सोनवानी जनपद सदस्य, कलावती क्षत्रिय सरपंच कुम्हारी के विशिष्ट आतिथ्य एवं समाज प्रमुखों की उपस्थिति में आदर्श विवाह संपन्न होगा। उक्त जानकारी देते हुए लेखराम गनहरे, आत्मादास बांधे तथा ▶▶ शेष पेज 02 पर

- मंत्री गुरु खुशवंत साहेब होंगे मुख्य अतिथि



## गांव चलो, बस्ती चलो कार्यक्रम का आयोजन किया

# भाजपा ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा ने पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर वार्ड 9 में गांव चलो, बस्ती चलो कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर पार्षद राजू सलूजा वार्ड 6, सतीश पटेल वार्ड 08 एवं जितेन्द्र डड़सेना वार्ड 9 सहित मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान पार्टी के वरिष्ठजनों का साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता टेशुलाल धुरंधर, संतोष पटेल, नरेश केशरवानी एवं मणिकांत मिश्रा द्वारा उपस्थित नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।




नेताओं ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और संगठन की मजबूती का संकल्प दिवस है। गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझने और सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और सक्रियता का माहौल बना रहा।

### लाभकारी योजनाओं का विस्तार से वर्णन

**खरोरा।** भाजपा के स्थापना दिवस पर गांव चलो बस्ती चलो घर चलो अभियान के तहत रायपुर ग्रामीण खरोरा मंडल में आयोजन किया गया। ग्राम पचरी में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर ग्रामीण के महिला मोर्चा अध्यक्ष रश्मि वर्मा, मीनू सेन, रेवती वर्मा, उषा देवांगन एवं संतोष यदू, रोमनाथ वर्मा, मुन्ना साहू, गोवर्धन वर्मा, सुनील मनहरे, गोवर्धन वर्मा, नरेंद्र वर्मा, भोज राम साहू, डॉ. इंद्र कुमार बघेल एवं सभी भाजपा कार्यकर्ता अन्य ग्रामवासी की उपस्थिति में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के योजनाओं को बताया गया उनमें जुड़े कई लाभकारी योजना को बताया गया फिर वरिष्ठ का सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल सभी लोग नारा लगा कर अतिथियों का स्वागत वंदन अभिनंदन किया।




# नहर से तालाबों में जलभराव शुरू निस्तारी की समस्या होगी दूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्रीष्म ऋतु में तालाबों में पानी की कमी के कारण ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा महानदी जलाशय परियोजना के नहर के माध्यम से तालाबों को भरा जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा तालाबों में पानी भरने के कार्य की निगरानी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जिले में महानदी जलाशय परियोजना के नहर के माध्यम से विकासखंड बलौदाबाजार, पलारी, सिमगा एवं भाटापारा के कुल 214 गांव के 379 तालाबों को भरने का लक्ष्य है। इनमें से ▶▶ शेष पेज 11 पर

- कुल 319 तालाबों में से 21 में जलभराव पूर्ण

## खबर संक्षेप

### आज मनाई जायेगी अम्बेडकर जयंती

बगबुड़ा। क्षेत्र में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई जायेगी। इस दौरान डी जे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी।



आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा शोभायात्रा को भव्य बनाने अपील की है। आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम की रूपरेखा, रूट निर्धारण, सजावट, झांकियों की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्धारण किया। सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा में बाबा साहेब के विचार शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हम सब मिलकर करेंगे।

### 20 हजार की अंग्रेजी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

महासमुंद। किराना दुकान के पास शराब बेच रहे एक व्यक्ति को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 20 हजार रुपए की 167 नग अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। मामले में आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## पेज 3 के शेष

### गोगिया में मारपीट ...

कब्जे को हटाए जाने की बात को लेकर प्रार्थी के पिता के साथ डंडे से मारपीट करना स्वीकार किया। प्रकरण में दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### सतनामी समाज के...

अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सतनाम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

### आपदा पीड़ित...

साहू, निवासी ग्राम लाहोद, तहसील लवन एवं लेन बाई यादव पति स्व.तनगू यादव, निवासी ग्राम सरखोर, तहसील लवन शामिल है। पीड़ितों के निकट परिजनों के कुंआ, महानदी के पानी में डूबने एवं सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### नहर से तालाबों...

21 तालाबों में अब तक पानी भरा गया है तथा 132 प्रगतिरत है। शेष तालाबों में भी जल्द पानी भर दिया जाएगा। इन तालाबों के भरने से ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी के संकट से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही तालाबों के भरने से आस -पास के क्षेत्रों में वाटर रिचार्ज भी होगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं एक्काराम गोड़ (AKKARAM GOND) पिता लालजी गोड़ (LALJI GOND) निवासी घटमड़वा वार्ड नंबर 11, तहसील टुण्ड्रा, जिला बलौदा बाजार-भांठापारा (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम ईक्काराम गोड़ (EKKARAM GOND) को त्याग कर एक्काराम गोड़ (AKKARAM GOND) नया नाम रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नया नाम एक्काराम गोड़ (AKKARAM GOND) से ही जाना पहचाना जावे।

दिनांक - 13.04.2026

**एक्काराम गोड़ (AKKARAM GOND) निवासी घटमड़वा वार्ड नंबर 11, तहसील टुण्ड्रा, जिला बलौदा बाजार-भांठापारा (छ.ग.)**

### 62 खानों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया

# खनन क्षेत्र में उत्पादन के साथ सुरक्षा जरूरी

**41वें वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा-2025 का समापन**







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

41वें वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत पारितोषिक वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन अम्बुजा कॉलोनी, रवान, बलोदा बाजार में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य डायरेक्टर जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी बिलासपुर एवं रायगढ़ रीजन के अंतर्गत आने वाले गैर-कोयला खनन क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेकेदारों, श्रमिकों एवं खदानों को खान सुरक्षा के क्षेत्र में उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित करना था। खान सुरक्षा पखवाड़ा–2025 के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इसकी शुरुआत 24 अक्टूबर 2025 को बिलासपुर में आयोजित वार्षिक सभा से हुई। इसके बाद 3 नवंबर से 22 नवंबर 2025 तक ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। वहीं, 25 नवंबर से 9 दिसंबर 2025 के बीच विभिन्न खदानों का निरीक्षण किया गया। इस पखवाड़े में कुल 66 खानों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह का आयोजन बीएसपी सेल, भिलाई द्वारा किया गया था, जबकि आगामी वर्ष के लिए बीएसपी सेल, दल्ली राजहरा मैकेनाइज्ड माइंस को मेजबान के रूप में चुना गया है।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि खनन क्षेत्र में उत्पादन के साथ-साथ सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। सुरक्षित कार्य प्रणालियों के माध्यम से दुर्घटनाओं में कमी आती है और कार्यस्थल पर अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

मुख्य अतिथि के रूप में रामावतार मीणा, डिप्टी डायरेक्टर जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी, पश्चिमी ज़ोन उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में बिपुल बिहारी साटियर, डायरेक्टर ऑफ माइंस सेफ्टी रायगढ़; आफताब अहमद, डायरेक्टर ऑफ माइंस सेफ्टी पश्चिमी ज़ोन, नागपुर, मुकेश कुमार सिन्हा, डायरेक्टर माइंस सेफ्टी बिलासपुर रीजन 1; राजेश कुमार सिंह, डायरेक्टर ऑफ माइंस सेफ्टी बिलासपुर रीजन–2 तथा पंकज कुमार जैन, डायरेक्टर माइंस सेफ्टी (मैकेनिकल) पश्चिमी ज़ोन, नागपुर उपस्थित थे। अतिथियों ने खान सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सुरक्षित कार्य व्यवहार अपनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। समारोह के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित 62 खानों को उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

## पलारी में मनाई गई कर्मा जयंती, निकाली कलशयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर साहू संघ पलारी के तत्वावधान में कर्मा जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान शैल श्रद्धा मानस परिवार, दतान द्वारा मनमोहक भजन प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।इस आयोजन में विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कर्मा जयंती हमारी संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है, जो समाज को एकजुट करने का कार्य करता है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत बनाते हैं। इस दौरान विधायक ने साहू समाज भवन निर्माण के लिए 6 लाख रुपये की घोषणा भी की, जिस पर उपस्थित समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष एवं नगर साहू संघ के अध्यक्ष गोपी साहू ने कार्यक्रम में कहा कि समाज की एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं।

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में तहसील साहू संघ अध्यक्ष जगदीश साहू, महेंद्र मोनू साहू, प्रीतम साहू, बृजमोहन साहू, गीतादेवी साहू, गणपत साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सभापति नेमसिंह बांधे, लेखु वर्मा, उमाशंकर साहू, डोमन साहू, सरोज साहू, मानसिंह साहू, रामकिशन साहू, खोमेश साहू, विष्णु साहू, कुंती साहू, मुंशी साहू, साधराम साहू, तोषण साहू, कुसुम साहू, भाग्यश्री साहू, अनीता साहू, कांति साहू, गायत्री साहू, वेदप्रकाश साहू, देवेंद्र साहू, विमल साहू, मन्नू साहू, अमन साहू, नकुल साहू, अभेलाल साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं नगरवासी उपस्थित शामिल हुए।

## महाविद्यालय में यात्री प्रतीक्षालय का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय, पलारी में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोपी साहू ने कहा कि महाविद्यालय में यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं दूर-दराज से आने वाले लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। लंबे समय से इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि पलारी में शिक्षा एवं जन सुविधाओं से जुड़े हर कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि यह महाविद्यालय मेरे लिए केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि मेरी पहचान का आधार है। मुझे यहां छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में सेवा करने का अवसर मिला था और आज उसी महाविद्यालय में विकास कार्य का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व का विषय है।उक्त अवसर पर सभापति नेमसिंह बांधे, लेखु वर्मा, घनश्याम धीरहे इंजीनियर पोखन साहू, शेरखान प्राध्यापक आत्माराम वर्मा, बीरेंद्र खरे, लक्ष्मीनारायण जलहरे, सुमन वर्मा, सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

## मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा



जिले के ग्राम पुरैना खपरी में शनिवार को भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के निर्देशानुसार गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में शहर मंडल के मुख्य वक्ता अनिल बघेल, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, कार्यक्रम प्रभारी नेतराम साहू, डेरा राम साहू, रामचरण साहू, शिवनारायण, उमेंद्र साहू, सरपंच रमा रोशन साहू, जनपद सदस्य जगमोहन घृतलहरे, मोहन पैकरा, तिलक यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल एवं मुख्य वक्ता अनिल बघेल ने पार्टी की स्थापना, विचारधारा और संगठन की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना एवं गांव स्तर पर संगठन को मजबूत करना रहा।

## भाजपा की बैठक में शामिल हुए कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भाजपा एवं शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार ग्राम कोसरंगी के कर्मा भवन में बैठक हुई, जिसमें पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो बस्ती अभियान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरंग नगर पंचायत के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन थे। अध्यक्षता ग्राम के सरपंच दामिनी मिरझ ने किया। विशिष्ट अथिति के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता के के भारद्वाज, डा. तोसन साहू, नगर पंचायत आरंग के उपाध्यक्ष दिनेश चंद्राकर एवं साहनी मौजूद थे, जिन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा आम जनमानस को जागरूक करने के लिए संगठन एवं कार्यकर्ताओं को विभिन्न प्रकार के मार्ग दर्शन दिए।

इस अवसर पर ग्राम के जन प्रतिनिधि, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी जिनमें सर्व जुगेश चंद्र दास, सुरेन्द्र दास, डा. पुरुषोत्तम साहू, तोषण साहू, राजकुमार सोनवानी, रंजीत धृतलहरे, ईश्वर साहू, गैंदलाल साहू, नंद किशोर साहू, भागी साहू, गौरव साहू, रामकिशन साहू, मिलन साहू, अवध साहू तथा नारी शक्ति में चंपा मांडले, प्रकाश साहू तथा भारी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे, जिन्होंने आने वाले समय में भी भाजपा की सरकार बनने का प्रण लिया।

## पांच दिवसीय रामायण में पहुंचे समाजसेवी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी/ संडी बंगला

ग्राम सकरी में आयोजित पांच दिवसीय रामायण में समाजसेवी धन्नू साहू शामिल हुए और भगवान राम के आदर्शों पर आधारित जीवन जीने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला। रामायण पाठ के साथ-साथ भजन-कीर्तन और प्रवचन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस मौके पर समिति के सदस्य डॉ. हेमंत साहू, भानु प्रताप साहू, गौतराम साहू, रमेश साहू, हरिराम साहू, शेखर सेन, उमाचरण वर्मा, गोविंद साहू, दुखवा राम साहू, अवध राम, डॉ. विजय यादव, लोकनाथ साहू, कमलेश साहू, मंशा राम साहू, महेंद्र साहू, राजेंद्र यादव एवं संतोष साहू ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# कुथरौद में गोंडवाना समाज का सामूहिक विवाह और महासम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम कुथरौद में गोंडवाना सामूहिक विवाह एवं महासम्मेलन के अलावा ग्राम पंचायत नेवारी में कर्मा जयंती मनायी गई। साहू समाज भवन का लोकार्पण तथा फुलवारी में पीडीएस भवन एवं स्कूल आहाता का लोकार्पण जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत सदस्य डॉ. मोहन वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, जिला मंत्री शिव कटरिया, जनपद सदस्य करुणा यादव, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में दौलत पाल ने कहा कि साहू समाज काफी मेहनत कश और संघर्ष शील अग्रणी समाज है। साहू समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। जिला पंचायत सदस्य डॉ. मोहन वर्मा ने कहा आज जगह-जगह विकास कार्य के लोकार्पण और शिलान्यास हो रहे, जो इस बात का प्रमाण है कि आज हमारे क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहे हैं। आज भाजपा की सरकार में सभी लोग खुश है। हमें अपने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार सिखाना भी जरूरी है। भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने कहा कि आज क्षेत्र से मंत्री होने का लाभ जनता को मिल रहा है। जिला मंत्री शिव कटारिया साहू समाज अध्यक्ष सरोज साहू, हिरवान साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रामकुमार साहू, खोमलाल साहू, राजीव भारद्वाज, बैशाखू ध्रुव, ईला राम साहू, कली राम वर्मा, अनिल यादव, धनेश निर्मलकर, मनहरण साहू, आनंद साहू, मेघनाथ साहू, बुधियारींन साहू सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नेवारी में साहू समाज भवन और फुलवारी में विकास कार्यों का लोकार्पण





### वाद्य यंत्र के लिए दस हजार रुपए दिए

कई कार्य जो बहुत समय से अटके थे वे आज पूरा हो रहा है। विकास के लिए उन्होंने मंत्री टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त किया। महिला सेवा समिति को वाद्य यंत्र के लिए दस हजार रुपये राशि प्रदान की तथा साहू समाज बाउंड्रीवाल एवं फुलवारी में स्कूल भवन की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 तक

**बलौदाबाजार।** भारतीय अग्निवीर थलसेना भर्ती हेतु जिले के जिन अभ्यार्थियों ने अग्निवीर थलसेना भर्ती में आवेदन किया है, वे अभ्यर्थी 22 अप्रैल तक प्रशिक्षण हेतु आवेदन विभागीय लिंक में कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन में अभ्यर्थी अपना नाम एवं पूर्ण पता के साथ सम्पूर्ण जानकारी दिये गये कॉलम में भरेंगे या जिला रोजगार कार्यालय में अपना नाम, पता एवं अग्निवीर पंजीयन कमांक पत्र दर्ज करा सकते हैं, जिससे अधिक से अधिक अभ्यार्थी लिखित परीक्षा प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

### सतनाम भवन में मनाई जाएगी बाबा साहब की जयंती

**संडी बंगला।** इस वर्ष भी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती संडी सतनाम भवन में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर उनके विचारों, सिद्धांतों एवं विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी । कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2 बजे सतनाम भवन, संडी में रखा गया है। कार्यक्रम में समाज के सभी लोगों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है।

### डॉ. आंबेडकर जयंती मनाने तैयारी पूरी

**लवन।** डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की 135वी जयंती का कार्यक्रम 14 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। अनिल केसरिया ने बताया कि नगर से पांच किमी दूर ग्राम मारदा खमरिया से विशाल रैली की शुरुवात होगी और पूरे लवन नगर भ्रमण कर बाबा गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन में सम्पन्न होगी। तत्पश्चात बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं केक काटरकर बाबा साहब का आवतरण दिवस मनाया जाएगा, फिर मुख्य वक्ताओं द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया जायेगा।



## पदाधिकारियों ने संगठन को सशक्त बनाने और व्यापारियों के हितों की रक्षा का संकल्प लिया

# चेंबर ऑफ कॉमर्स के 72 पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बलौदाबाजार इकाई की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण रविवार को जिला ऑडिटोरियम में हुआ। समारोह में नवीन अध्यक्ष लक्ष्मी साहू सहित कुल 72 पदाधिकारियों ने अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों की शपथ ली। कार्यक्रम में व्यापारिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी दलजीत सिंह चावला एवं दिलीप माहेश्वरी द्वारा दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष सतीश थोरानी ने की। विशिष्ट अतिथियों में विधायक संदीप साहू, पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू, नगर पंचायत कसडोल के अध्यक्ष नागेश्वर साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले, पलारी नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, चेंबर के वरिष्ठ सदस्य एवं संरक्षक इंद्र कुमार जैन, निवर्तमान अध्यक्ष एवं संरक्षक जुगल भट्टर, छत्तीसगढ़ चेंबर के कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं रायपुर संभाग प्रभारी जसप्रीत सिंह सलूजा सहित पदाधिकारी लोकेश चंद्रकांत जैन, मनोज प्रजापति, प्रशांत गुप्ता, दिलीप इसरानी एवं निखिल पांडे विशेष रूप से उपस्थित थे।



### 1000 एकड़ भूमि की मांग

समारोह के दौरान नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने संगठन को सशक्त बनाने तथा व्यापारियों के हितों की रक्षा हेतु कार्य करने का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी ने कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स सदैव छोटे व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करता आया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में चेंबर द्वारा 1000 एकड़ भूमि की मांग की गई थी, जो स्वीकृत भी हुई, किंतु तकनीकी कारणों से पूर्ण नहीं हो पाई। वर्तमान सरकार से भी मार्केट प्लेस हेतु भूमि की मांग निरंतर की जा रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नए रायपुर में चेंबर भवन के लिए भूमि उपलब्ध हो चुकी है और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा, जो चेंबर के लिए बड़ी उपलब्धि है।




### सदस्यों के साथ सहभागिता का महत्व

निवर्तमान अध्यक्ष जुगल भट्टर ने कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का सशक्त मंच है। उन्होंने नई कार्यकारिणी से अपेक्षा की कि वे सदस्यों के सुख-दुख में सहभागी बनकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा ने बताया कि चेंबर की सदस्य संख्या के आधार पर यह देश में प्रथम स्थान पर है तथा सदस्यों के हित में विभिन्न सुविधाएं, जैसे अस्पतालों में उपचार पर छूट प्रदान की जा रही हैं।

### सीमेंट उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने कहा कि बलौदाबाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स का इतिहास गौरवशाली रहा है। किसी भी संकट की घड़ी में चेंबर ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज एवं व्यापारियों के हित में कार्य किया है। वहीं विधायक संदीप साहू ने जिले की व्यापारिक संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बलौदाबाजार जिला सीमेंट उत्पादन के क्षेत्र में देशभर में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां सात अंतरराष्ट्रीय सीमेंट संयंत्र संचालित हैं तथा अन्य प्रस्तावित हैं। जिले के पोहा, चावल एवं दाल जैसे उत्पाद देश-विदेश में पहचान बना चुके हैं, जो गौरव का विषय है।

## थानू नेताम 17 गांव के मावली महासभा में शामिल



**अर्जुनी।** टोनाटार गोंडवाना चक में सामाजिक एकता को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। टोनाटार चक के आश्रित 17 गांव पिछले 3 माह से शादी, छट्ठी, दशगात्र देवपूजा जैसे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में आ जा नहीं सकते थे, जिससे समाज में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। अध्यक्ष पद संभालते ही थानू नेताम ने सबसे पहले मावली महासभा के अध्यक्ष के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर 17 गांवों को पुनः महासभा की व्यवस्था में शामिल करने की मांग की। इस संबंध में जोगी द्वीप गुर्रा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के रायपंच, डिहवार एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक में मावली महासभा के अध्यक्ष बंसी नेताम ने 17 गांवों के डिहवारों के समक्ष सभी गांवों को पुनः महासभा में शामिल करने की बात कही। बैठक में मावली महासभा के पूरा मंत्रीमंडल एवं उसके अंतर्गत आने वाले सभी चक अध्यक्ष भी उपस्थित रहे, जिससे बैठक का महत्व और अधिक बढ़ गया। बैठक के निर्णय अनुसार 17 गांवों में पिछले 3 माह से रुके हुए शादी छट्ठी एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम अब पुनः शुरू होंगे। इस निर्णय से लंबे समय से चली आ रही सामाजिक दूरी समाप्त होने की उम्मीद जताई जा रही है। ग्रामीणों ने इसे समाज में एकता समन्वय और परंपराओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। बैठक में उपस्थित लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आने वाले समय में सामाजिक कार्यों का संचालन और अधिक सुचारु रूप से हो सकेगा।

## निधन

### रघुवीर प्रसाद वर्मा

**अमेरा।** खम्हरिया (चांपा) निवासी रघुवीर प्रसाद वर्मा का 5 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम दाह संस्कार गृहग्राम में किया गया। इस दाह संस्कार कार्यक्रम में स्वजाति बंधुओं के साथ ही गांव के सैकड़ों लोग भी उपस्थित रही। वे राधाबाई की पति, दिनेश, दिलीप, जितेंद्र के पिताजी थे।



# भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर 19 को निकलेगी शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर इस बार नगर में धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 19 अप्रैल को होगा। पं. धीरज मिश्रा ने बताया कि नगर के सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर परिसर में भगवान परशुराम प्रतिमा की अभिषेक, पूजन, शख पूजन, हवन किया जाएगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी भंडारे की व्यवस्था भी की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है।

प्रकटोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने के लिए आयोजन समिति की लगातार बैठकें चल रही है। बैठकों के माध्यम से पूरे आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। महोत्सव के दिन 19 अप्रैल को शाम 4 बजे शक्ति पीठ महामाया मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी, जो पूरे नगर भ्रमण करते हुए साप्ताहिक बाजार चौक में सम्पन्न होगी। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। भगवान परशुराम सेवा समिति ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस बैठक प्रमुख रूप से पं. रामेश्वर पाण्डेय, पं. दिलहरण पाण्डेय, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, धीरज मिश्रा, दुर्गेश बाजपेई, अनिल पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, दिलचंद तिवारी, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, पंकज मिश्रा, केशव मिश्रा, अमर मिश्रा, सतीश पाण्डेय, मृत्युंजय पाण्डेय, विजय पाण्डेय, कान्हा तिवारी, राजेन्द्र दुबे, पंडित तलाश कृष्णा पाण्डेय, आयुष बाजपेई, मूलचंद तिवारी, महेंद्र पाण्डेय, ऋषि मिश्रा, मोतीलाल पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

- ब्राह्मण समाज बैठकें जारी, कार्यक्रमों की तैयारी अंतिम चरण में

# प्राथमिक स्कूल हरदी में मनाया गया पढ़ाई तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

संकुल रोहिना के प्राथमिक शाला हरदी (भ) में कक्षा एक में नव प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम पढ़ाई तिहार मानने के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एस एन साहू द्वारा आदेश प्रसारित किया गया। ब्लॉक नोडल प्रभारी सरोजनी साहू तथा संकुल समन्वयक गौरी शंकर कर्ष के मार्गदर्शन से कार्यक्रम पढ़ाई तिहार का आयोजन हुआ।



### माताओं का उन्मुखीकरण किया गया

बच्चों के साथ-साथ माताओं को आमंत्रित किया गया, जिसमें माताओं को बच्चों की देखभाल करने, भीषण गर्मी में हाइड्रेशन से कैसे बचें। अनुशासन तथा स्कूल यूनिफार्म की पूर्व तैयारी कैसे करें, घर में पढ़ाई करने के लिए कोना, हर घर दीवार पर श्यामपट निर्माण तथा गर्मी से बचाव, शरीर में पानी की कमी में ओ आर एस कैसे बनाए इस पर माताओं को बताते हुए उनका उन्मुखीकरण किया गया। सभी बच्चों तथा माताओं को ओ आर एस घोल बनाकर पिलाया गया। नव प्रवेश लेने वाले पात्र बच्चों को नौ काउंटर पर विभिन्न प्रकार से आकलन किया गया, जिसमें संतुलन बनाए रखना, कागज मोड़ना, रंगों की पहचान, क्रम से सजाना, वर्ण ज्ञान, संख्या ज्ञान के बच्चों का बेसलाइन आंकलन किया गया। रामदुलार निराला प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला हरदी (भ) के कुशल नेतृत्व से यह कार्यक्रम पढ़ाई तिहार सम्पन्न हुई जिसमें माताओं लक्ष्मीन खूंटे, निर्मला खूंटे, राजकुमारी, खिकबाई, चंद्रिका खूंट, किरण खूंटे, देविका, कनिका, पंकज, मोनिका, विकास, दीप्ति आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

## हेमंत बने साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक

**सिमगा।** ग्राम किरवई निवासी हेमंत साहू को साहू संघ युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक बनाया गया है। हेमंत साहू भाजपा युवा मोर्चा सहित प्रदेश साहू संघ के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। आज उनकी लगन और मेहनत का फल साहू समाज की ओर से एक बड़ा दायित्व प्रदान कर किया गया है। उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर परिजनों शुभचिंतकों एवं समर्थकों में खुशी है। उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर जिला अध्यक्ष सुनील साहू, रवि साहू, भुवन साहू, अभिलाष वर्मा, हितेश साहू, रोशन साहू, केवल साहू, अभिषेक साहू, मंधाता साहू, हिमांशु साहू, नरेंद्र साहू एवं नागेश्वर साहू ने हर्ष जताया है।



# भाजपा का गांव, बस्ती चलो अभियान पहुंच रहा गांव-गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'गांव बस्ती चलो अभियान' के तहत सघन जनसंपर्क किया जा रहा है।

इसी कड़ी में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। इस अभियान के दौरान वे क्षेत्र के विभिन्न गांवों जैसे माठ, नवागांव, गनियारी और मुरा में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद कर रहे हैं। सांसद प्रतिनिधि के साथ मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल भी शामिल हैं। इनके अलावा नगर पंचायत के विभिन्न पार्षद और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस टोली का हिस्सा बनकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुन रहे हैं। गांव बस्ती चलो अभियान का लक्ष्य केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्तर पर परखना और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी ने कहा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके और कोई भी गांव बस्ती विकास की मुख्यधारा से अछूती न रहे ।



**गुड शेफर्ड स्कूल में मनाई गई अंबेडकर की जयंती :महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में संविधान निर्माता व भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः सभा से हुई, जिसमें पुष्प अर्पण पश्चात विद्यालय प्रधानाचार्य ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

# प्राथमिक स्कूल में जल संरक्षण एवं संचयन जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

प्राथमिक शाला भरसेला बड़ा में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. कमलेश सेन प्रधान पाठक द्वारा विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण विषय पर आकर्षक मॉडल एवं चित्रकला प्रस्तुत की गई, जिनके माध्यम से जल के महत्व एवं संरक्षण के उपायों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने वाले व्यक्तियों को जल संरक्षण दूत के रूप में सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र टंडन विकासखंड शिक्षा अधिकारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फलेन वर्मा संकुल प्राचार्य द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित अवस्थी संकुल समन्वयक एवं सेवती वर्मा सरपंच, प्रत्यूष शंकर शर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन भारती पाण्डेय द्वारा किया गया।

डॉ. कमलेश कुमार सेन ने कहा की जल पृथ्वी पर जीवन के लिए अनिवार्य इसका संरक्षण एवं संचयन अनिवार्य है। कार्यक्रम का समापन जल संरक्षण शपथ से हुआ। इस अवसर पर बुधेश्वर पैकरा, सुधा वर्मा, किरण साहू, चुकेश्वर तिवारी, शिक्षकगण लक्ष्मी ध्रुव, आकांक्षा तिवारी, खुशबु क्षत्रिय, कुसुमकान्ति टोप्पो, विजय लहरे, द्रोपती श्रीवास, ओजस्वीता ध्रुव, लखन पैकरा सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समुदाय में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं भविष्य के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने का संदेश देना रहा।









